Roll No. .....

11132

कक्षा 11वीं वार्षिक परीक्षा, 2025-26

[320]

ACCOUNTANCY

लेखाशास्त्र

(Hindi & English Version)

[Total No. of Questions: 23] [Total No. of Printed Pages: 08]

[Time: 03 Hours] [Maximum Marks: 80]

निर्देश -

(I) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं।

(II) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रति वस्तुनिष्ठ प्रश्न 1 अंक का है। प्रश्न के अंक प्रश्न के सामने दर्शाए गए हैं।

(III) प्रश्न क्रमांक 6 से 15, प्रत्येक प्रश्न 2 अंक, शब्द सीमा 30 शब्द।

(IV) प्रश्न क्रमांक 16 से 19, प्रत्येक प्रश्न 3 अंक, शब्द सीमा 75 शब्द।

(V) प्रश्न क्रमांक 20 से 23, प्रत्येक प्रश्न 4 अंक, शब्द सीमा 120 शब्द।

(VI) प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प हैं।

(VII) संख्यात्मक प्रश्नों में शब्द सीमा का बंधन नहीं है।

Instructions -

(I) All questions are compulsory to solve.

(II) Question No. 1 to 5 are objective type questions. Each objective question carries 1 mark. Marks of each question are given before the question.

(III) Question No. 6 to 15 each question carries 2 marks, word limit is 30 words.

(IV) Question No. 16 to 19 each question carries 3 marks, word limit is 75 words.

(V) Question No. 20 to 23 each question carries 4 marks, word limit is 120 words.

(VI) Question No. 6 to 23 all questions have internal options.

(VII) There is no limit of words in numerical questions.

प्र.1 सही विकल्प प्रश्न – **(1×6=6)**

(1) मोहन के पास 25,000₹ की सम्पत्तियाँ हैं, 18,000₹ के दायित्व हैं, उसकी पूँजी होगी –

(a) 7,000₹ (b) 8,000₹ (c) 25,000₹ (d) 18,000₹

(2) निम्नलिखित में से कौनसी सहायक बही नहीं है?

(a) रोकड़ बही (b) विक्रय बही (c) प्राप्य बिल बही (d) खाताबही

(3) मशीन क्रय करने पर दिये गये गाड़ी–भाड़े को व्यय खाते में लिखना त्रुटि है –

(a) हिसाब की अशुद्धि (b) सैद्धान्तिक अशुद्धि

(c) छूट जाने वाली अशुद्धि (d) क्षतिपूरक अशुद्धि

(4) मूल्यह्रास का सम्बंध है

MPBoardHub

(a) चालू सम्पत्ति से (b) स्थायी सम्पत्ति से

(c) विनियोगों से (d) रोकड़ से

(5) अन्तिम रहतिया का लागत मूल्य 50,000₹ तथा बाजार मूल्य 49,000₹ है, तो अन्तिम रहतिये का मूल्य होगा –

(a) 50,000₹ (b) 48,000₹ (c) 49,000₹ (d) 1,000₹

(6) पूर्वदत्त व्यय को चिट्ठे में ..... दिखाया जाता है।

(a) सम्पत्ति पक्ष में (b) दायित्व पक्ष में (c) दोनों पक्ष में (d) दोनों में नहीं

Choose the correct answer -

(1) Mohan has assets of ₹ 25,000 and liabilities of ₹ 18,000, the capital is -

(a) ₹ 7,000 (b) ₹ 8,000 (c) ₹ 25,000 (d) ₹ 18,000

(2) Which of the following is not a subsidiary book?

(a) Cash book (b) Sales book

(c) Bills receivable book (d) Ledger

(3) Purchase of machinery and paid carriage on it, but recorded in expenses account it is error of -

(a) Error of commission (b) Error of principles

(c) Error of omission (d) Compensatory error

(4) Depreciation is related to -

(a) Current assets (b) Fixed assets

(c) Investments (d) Cash

(5) The cost price of closing stock is ₹ 50,000, and market price is ₹ 49,000, then the value of closing stock will be -

(a) ₹ 50,000 (b) ₹ 48,000 (c) ₹ 49,000 (d) ₹ 1,000

(6) Prepaid expenses are shown in the balance sheet -

(a) Assets side (b) Liabilities side

(c) In both of above (d) None of the above

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – (1×6=6)

(1) प्रत्येक नामे के लिये.....होना आवश्यक है।

(2) किराये के भुगतान से पूँजी में .....होती है।

(3) माल की क्षति अग्नि से होने पर .....खाता क्रेडिट होता है।

(4) द्विपक्षीय अशुद्धियाँ .....को प्रभावित नहीं करती है।

(5) अस्थायी रूप से सम्पत्ति के मूल्य का घटना–बढ़ना.....कहलाता है।

(6) मूल्यह्रास को लाभ–हानि खाते में .....किया जाता है।

Fill in the blanks -

(1) Every debit has a corresponding .....

(2) Rent paid will .....capital.

(3) Goods lost under fire will be credited to ..... account.

(4) Double side errors cannot be affect.....

(5) Temporary rise or fall in the price of assets is called.....

(6) Depreciation is .....in profit and loss account.

प्र.3 निम्नलिखित के सत्य/असत्य में उत्तर दीजिए – (1×6=6)

(1) दोहरा लेखा प्रणाली लेखांकन की एक अवैज्ञानिक प्रणाली है।

(2) नगद पत्रक एक मूल प्रलेख है।

(3) व्यवहारों को नकल बही में लिखने की विधि को खतौनी कहते हैं।

(4) तलपट खाताबही का एक भाग होता है।

(5) मजदूरी प्रत्यक्ष व्यय है।

(6) अदत्त वेतन खाता एक व्यक्तिगत खाता होता है।

Answer the following in True/False -

(1) Double Entry System is an unscientific system of accounting.

(2) A cash memo is a source document.

(3) Process of writing transactions in journal is called posting.

(4) Trial balance is a part of ledger.

(5) Wages is a direct expenses.

(6) Outstanding salary account is a personal account.

प्र.4 निम्नलिखित की सही जोड़ियाँ बनाइये – (1×7=7)

(अ)	**(ब)**
(1) पूँजी पर ब्याज	– अन्तिम स्कंध में जोड़ना
(2) स्वीकृति हेतु भेजा गया माल	– व्यक्तिगत लाभ
(3) आगमगत व्यय	– चिट्ठा
(4) व्यक्तिगत एवं सम्पत्ति खाते का शेष	– व्यापार खाते में डेबिट
(5) ब्याज एवं कर के पूर्व की आय	– आय विवरण
(6) व्यापार के प्रत्यक्ष व्यय	– लाभ–हानि खाते में डेबिट
(7) व्यापार एवं लाभ–हानि खाता	– संचालन लाभ

Match the columns -

(A)	**(B)**
(1) Interest on capital	- Add into closing stock
(2) Goods sent on approval	- Personal Income
(3) Revenue expenditure	- Balance sheet
(4) Balance of personal and assets A/c	- Debit in trading A/c
(5) Income before interest and tax	- Income statements
(6) Direct expenses of business	- Debit in P/L accounts
(7) Trading and profit and loss A/c	- Operating profit

प्र.5 एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिए – (1×7=7)

(1) लेखा पुस्तकों में व्यवहारों का लेखा करने को क्या कहते हैं?

(2) उधार विक्रय से किसमें वृद्धि होती है?

(3) वह कौनसी बही है, जो सहायक बही तथा प्रधान बही दोनों होती है?

(4) बैंक समाधान विवरण किसके द्वारा तैयार किया जाता है?

(5) तलपट में अन्तिम स्कंध कब लिखा जाता है?

(6) विशेष उद्देश्य के लिये बनाये गए संचय को क्या कहते हैं?

(7) डूबत ऋण की पुनः प्राप्ति की राशि को लाभ/हानि खाते में किस पक्ष में दर्शाया जाता है?

Answer in one word/sentence -

(1) What is the recording of transactions in the books of accounts called?

(2) Credit sales increases whom?

(3) Which books is treated as subsidiary and principal book both?

(4) Who prepared bank reconciliation statement?

(5) When closing stock will be written in trail balance?

(6) Reserve created for any special purpose is called.

(7) In which side of profit and loss account showed the amount of bad debts recovered is shown?

प्र.6 प्रमाणक से आप क्या समझते हैं? **(2)**
What do you understand by voucher?

अथवा / OR

जीवित स्टॉक किसे कहते हैं? दो के नाम लिखिए।
What is livestock? Write the two names.

प्र.7 लेखांकन के कितने आधार होते हैं? **(2)**
How many types of basis of accounting are there?

अथवा / OR

दोहरा लेखा प्रणाली के दो गुण लिखिए।
Write the two merits of double entry system.

प्र.8 लेखांकन प्रमाप क्या है? **(2)**
What is the accounting standards?

अथवा / OR

दोहरा लेखा प्रणाली की विशेषताएं लिखिए। (कोई दो)
Write the characteristics of double entry system. (any two)

प्र.9 क्रेडिट नोट क्या है? **(2)**
What is credit note?

अथवा / OR

डेबिट नोट किसे कहते हैं?
What is debit note?

प्र.10 आहरण खाता को समझाइए। **(2)**
Explain the drawings account.

अथवा / OR

लेखांकन की दृष्टि से प्रविष्टि से क्या आशय है?
What is meant by entries in the respect of accounting?

प्र.11 बैंक समाधान विवरण को परिभाषित कीजिए। **(2)**
Define bank reconciliation statement.

अथवा / OR

बैंक समाधान विवरण की दो विशेषताएं लिखिए।
Write the two characteristics of bank reconciliation statement.

प्र.12 **(2)**

उदरत खाता किसे कहते हैं?
What is suspense account?

अथवा / OR

तलपट बनाने की कितनी विधियाँ हैं? नाम लिखिए।
How many methods are there to prepare a trial balance? Write names.

प्र.13 मूल्यह्रास से क्या आशय है? **(2)**
What is meant by depreciation?

अथवा / OR

आयोजन (प्रावधान) का आशय बताइए।
What is meant by provision?

प्र.14 प्रत्यक्ष व्यय किसे कहते हैं? **(2)**
What is direct expenses?

अथवा / OR

सकल लाभ से क्या आशय है?
What is meant by gross profit?

प्र.15 समायोजन करने के कोई दो उद्देश्य लिखिए। **(2)**
Write any two objectives of adjustment.

अथवा / OR

डूबत ऋण क्या है?
What is bad debts?

प्र.16 नगद बट्टा तथा व्यापारिक बट्टे में अंतर लिखिए। (कोई तीन) **(3)**
Write the differences between cash discount and trade discount. (any three)

अथवा / OR

बही खाता तथा लेखांकन में अंतर लिखिए। (कोई तीन)
Write the differences between book-keeping and accounting. (any three)

प्र.17 निम्नलिखित सूचना के आधार पर 31 जुलाई 2017 को बैंक समाधान विवरण तैयार कीजिये – **(3)**

(1) रोकड़ पुस्तक के अनुसार, डेबिट शेष 5,360₹ है।
(2) 610₹, 390₹ और 150₹ के तीन चेक जुलाई में निर्गमित हुए, किन्तु उनका भुगतान 1 अगस्त को किया गया।
(3) बैंक ने अपना चार्ज 60₹ लगाया और 100₹ ब्याज के दिये, जो रोकड़ बही में अभी तक नहीं लिखे गये।
(4) 500₹ और 650₹ के दो चेक संग्रह के लिये बैंक भेजे गये किन्तु उनका संग्रह 31 जुलाई तक नहीं हुआ।

Prepare bank reconciliation statement as on 31st July 2017 from the following information -

(1) Cash book showed a debit balance of ₹ 5,360.
(2) Three cheques of ₹ 610, ₹ 390 and ₹ 150 were issued in July but were presented for payment on 1st August.
(3) Bank charged ₹ 60 and interest given by bank ₹ 100 were not recorded in the cash book yet.
(4) Two cheques for ₹ 500 and ₹ 650, were sent to the bank for collection but bank has not collected the amount till 31st July.

अथवा / OR

बैंक समाधान विवरण बनाने के उद्देश्यों को स्पष्ट कीजिए। (कोई तीन)
Explain any three objectives of bank reconciliation statement. (any three)

प्र.18 एक मशीन का क्रय मूल्य 20,000₹ है, इसका स्थापना व्यय 2,000₹ है और अवशिष्ट मूल्य 1,000₹ है मशीन की कार्य– अवधि 10 वर्ष है। एक वर्ष के ह्रास की गणना कीजिए और 3 वर्ष का यंत्र खाता बनाइए। यदि ह्रास की स्थायी किस्त पद्धति अपनाई जाती है। **(3)**

The purchase price of a machine is ₹ 20,000, its establishment charges are ₹ 2,000 and residual value is ₹ 1,000. Its working life is 10 years. Calculate one year depreciation and prepare machine account for three years. If fixed instalment method is used.

अथवा / OR

निम्न तथ्य 31 मार्च 2018 को एक तलपट से लिये गये हैं। इनकी जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए –

खाते का नाम	LF	Amount Dr.	Amount Cr.
देनदार		2,50,000	-
बट्टा दिया		2,000	-
देय कटौती संचय		-	1,500

अतिरिक्त सूचना – देनदार पर कटौती के लिए आयोजन को 2% की दर से बनाये रखना है।

From the following information are extracted from a trail balance as on 31st March 2018. Pass necessary journal entries -

Name of accounts	LF	Amount Dr.	Amount Cr.
Sundry Debtors		2,50,000	-
Discount Allowed		2,000	-
Provision for Discount Allowed		-	1,500

Additional information - Provision for discount allowed is to be maintained at 2% on debtors.

प्र.19 निम्नलिखित सूचनाओं से चिट्ठा तैयार कीजिए – **(3)**
व्यापारिक भवन 10,000₹, संयंत्र एवं यंत्र 3,900₹, देनदार 2,200₹, अन्तिम रहतिया 2,400₹, फर्नीचर 150₹ और आहरण 191₹, पूँजी 15,250₹, ऋण 500₹, शुद्ध लाभ 1,811₹ और लेनदार 1,280₹।
From the following information prepare the balance sheet -
Business Premises ₹ 10,000, Plant and Machinery ₹ 3,900, Debtors ₹ 2,200, Closing stock ₹ 2,400, Furniture ₹ 150 and Drawings ₹ 191, Capital ₹ 15,250, Loan ₹ 500, Net Profit ₹ 1,811 and Creditors ₹ 1,280.

अथवा / OR

वित्तीय विवरण बनाने के किन्हीं तीन उद्देश्यों को विस्तार पूर्वक समझाइए।
Explain the objectives of preparing financial statement in detail. (any three)

प्र.20 निम्नलिखित सूचनाओं से लेखांकन समीकरण तैयार कीजिए – **(4)**
From the following information prepare the accounting equation -

(1) रोकड़ से व्यापार प्रारंभ किया / Business started with cash – 80,000₹
(2) वेतन चुकाया / Salary paid – 2,000₹
(3) उपार्जित ब्याज / Accrued Interest – 3,000₹
(4) कमीशन अग्रिम प्राप्त / Commission received in advance – 4,000₹

अथवा / OR

निम्न सूचनाओं की जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए –

2017 जून 10 श्याम को 20,000₹ का माल बेचा।

जून 20 श्याम ने 10% बट्टे पर चेक से भुगतान किया।

जून 23 श्याम का चेक, बैंक में जमा किया।

जून 28 कार्यालय व्यय का भुगतान किया 5,000₹।

From the following information journalize given transactions -

2017 Jun 10 Sold goods to Shyam on credit for ₹ 20,000.

Jun 20 Shyam paid by cheque at 10% discount.

Jun 23 Shyam's cheque was deposited into bank.

Jun 28 Office expenses paid ₹ 5,000.

प्र.21 निम्नलिखित लेन–देन को क्रय बही में लिखिए – **(4)**

2018 जनवरी 1 राम एंड कं. से 5 दर्जन पेन 60₹ प्रति दर्जन की दर से खरीदे।

जनवरी 12 नेशनल फर्नीचर कं. से 3,000₹ का फर्नीचर खरीदा।

जनवरी 23 विनोद से 10 बॉक्स रिबन 50₹ प्रति बॉक्स की दर से खरीदा।

जनवरी 30 रमेश एण्ड कं. से दो दर्जन लिखने के पैड 25₹ प्रति पैड की दर से खरीदा।

Enter the following transactions in the purchase book -

2018 Jan 1 Purchase 5 doz. pen from Ram & Com. @ ₹ 60 per doz..

Jan 12 Purchase furniture from National Furniture Company for ₹ 3,000.

Jan 23 Bought 10 boxes of ribbons from Vinod @ ₹ 50 per box.

Jan 30 Bought two doz. writing pads from Ramesh & Company @ ₹ 25 each pad.

अथवा / OR

निम्नलिखित सूचनाओं से साधारण रोकड़ बही बनाइये –

2019 अप्रैल 1 रोकड़ हाथ में – 16,000₹

अप्रैल 6 रोकड़ी माल खरीदा – 12,000₹

अप्रैल 10 नगद माल बेचा – 18,000₹

अप्रैल 15 निजी व्यय हेतु निकाले – 3,000₹

अप्रैल 18 कार्यालय व्यय के दिये – 1,500₹

अप्रैल 30 वेतन चुकाया – 2,000₹

Prepare simple cash book from the following information -

2019 April 1 Cash in hand - ₹ 16,000

April 6 Cash purchase - ₹ 12,000

April 10 Cash sales - ₹ 18,000

April 15 Withdrawn for personal use - ₹ 3,000

April 18 Paid office expenses - ₹ 1,500

April 30 Salary paid - ₹ 2,000

प्र.22 तलपट बनाने के चार उद्देश्य लिखिये। **(4)**

Write four objectives of preparing a trial balance.

अथवा / OR

लेखांकन की दृष्टि से अशुद्धियों के प्रकार लिखिए।

Write the types of errors from an accounting perspective.

प्र.23 **(4)**

निम्नलिखित सूचनाओं से 31 दिसम्बर 2018 को समाप्त वर्ष हेतु लाभ–हानि खाता तैयार कीजिए –
Prepare profit & loss account from the following information for the year ending on 31 December 2018 -

सकल लाभ / Gross profit 4,500₹
सामान्य व्यय / General expenses 420₹
बिजली व्यय / Electric exp. 200₹
किराया / Rent 850₹
कटौती दी / Discount allowed 200₹
वेतन / Salary 3,500₹
कटौती प्राप्त / Discount received 900₹
कमीशन (क्रेडिट) / Commission (Credit) 500₹
व्यापारिक व्यय / Trade exp. 200₹
बाह्य गाड़ी–भाड़ा / Carriage outward 100₹

समायोजनाएं – / Adjustments -

(1) पूँजी पर ब्याज 400₹ देना है। / Interest allowed on capital ₹ 400.
(2) आहरण पर 600₹ ब्याज लगाना है। / Interest charged on drawings ₹ 600.
(3) सामान्य व्यय के पूर्वदत्त है 20₹। / Prepaid general expenses ₹ 20.
(4) अदत्त किराया 150₹ है। / Outstanding rent ₹ 150.

अथवा / OR

अदत्त व्यय, पूर्वदत्त व्यय, उपार्जित आय तथा अनुपार्जित आय को उदाहरण सहित समझाइए।
Explain outstanding expenses, prepaid expenses, accrued income and unearned income with examples.
